**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–27.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **विधानसभा के बजट सत्र में आज तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेंगे वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कल राज्य की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट रखेंगे सदन के पटल पर।**
2. **राज्य सरकार ने ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी का किया गठन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अध्यक्ष, भाजपा के बाबूलाल और चंपाई सोरेन को बनाया गया सदस्य।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट ने टैक्स से जुड़े एक मामले में राज्य सरकार पर लगाया दो लाख रुपये का जुर्माना, मेसर्स कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड की दो साल की असेसमेंट राशि ब्याज के साथ वापस करने का दिया निर्देश।**
4. **मौसम विभाग ने कल पलामू, गढ़वा, लातेहार समेत राज्य के छह जिलों में बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान, रांची में छाये रहेंगे बादल।**
5. **रांची में आयोजित 53वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप का खिताब एसएससीबी ने जीता, फाइनल मुकाबले में मेजबान झारखंड को 32 के मुकाबले 34 गोल से हराया।**

**अब समाचार विस्तार से**

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर चालू वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेंगे। इसके पहले सदन में प्रश्न काल चलेगा, जिसमें सदस्य अपने–अपने क्षेत्र के सवाल पूछेंगे, जिसका जवाब सरकार की ओर से दिया जाएगा। कल झारखंड की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखी जाएगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट से राज्य की आर्थिक स्थिति का पता चलेगा। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के बाद तीन मार्च को राज्य सरकार की ओर से पूर्ण बजट पेश किया जायेगा।

*******************

राज्य सरकार ने ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी–टीएसी का गठन कर लिया है। नए टीएसी में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अध्यक्ष होंगे, जबकि समाज कल्याण मंत्री चमरा लिंडा पदेन उपाध्यक्ष होंगे। एससी, एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। टीएसी में कुल 19 सदस्य होंगे, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन के नाम भी शामिल हैं।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को फिर से उठाया है। सरायकेला–खरसांवा जिले गम्हरिया में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने दुमका जेल से बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार की रिहाई का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ वे आज दुमका सेंट्रल जेल के बाहर प्रदर्शन करेंगे।

*******************

तेलंगाना में श्रीसैलम लेफ्ट बैंक कैनाल– एसएलबीसी सुरंग में फंसे झारखंड के चार समेत आठ श्रमिकों को बचाने के लिए बचाव दल का प्रयास जारी है। अब तक सुरंग में फंसे लोगों से संपर्क नहीं हो पाया है। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाई गई है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने टैक्स से जुड़े एक मामले में राज्य सरकार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने सरकार को प्रार्थी की कंपनी मेसर्स कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड की दो साल की असेसमेंट राशि नौ फीसदी ब्याज के साथ छह सप्ताह में वापस करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में मेसर्स कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने सरकार के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

*******************

खूंटी जिले में अफीम की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में जिले की सभी 86 पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित किया।

*******************

धनबाद जिले में डीएमएफटी फंड से शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और सदर अस्पताल को अपग्रेड किया जाएगा। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

**संक्षिप्त खबरें**

- देवघर जिले से पुलिस ने 12 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं।
- जमशेदपुर–टाटानगर और रांची से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द कर दी गयी हैं। पुरी से दिल्ली जाने वाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस भी कल नहीं चलेगी। इसके अलावा टाटा–जम्मूतवी एक्सप्रेस को 28 फरवरी और 2 मार्च को रद्द किया गया है। हल्दिया–आनंद विहार एक्सप्रेस भी आज रद्द कर दी गयी है।
- सरायकेला–खरसांवा जिले के आरआईटी पुलिस ने घरों से सामान चुराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने चोरी के सामान भी बरामद किए हैं।

*******************

राज्य सरकार ने पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत छह जिलों में कल और एक मार्च को बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाये रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर भारत में हो रही बर्फवारी और पश्चिमी विक्षोभ के असर से झारखंड में बारिश हो सकती है।

*******************

रांची में आयोजित 53 वीं सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप का खिताब एसएससीबी की टीम ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में एसएससीबी की टीम ने मेजबान झारखंड को रोमांचक मुकाबले में मात दी। झारखंड की टीम की ओर से 32 गोल किए गए जबकि एसएससीबी ने 34 गोल किये। टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं।

*******************

**और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने शिवरात्रि पर राज्यभर में हुए कार्यक्रम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– बाबाधाम में महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिव बारात को किया रवाना।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– ऐतिहासिक महाकुंभ– 66 करोड़ लोग 45 दिन चले दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के गवाह बने।

**हिन्दुस्तान** ने केन्द्र सरकार के हवाले से लिखा है– दागी चुनाव लड़ेंगे या नहीं, यह संसद तय करेगी।

**दैनिक जागरण** लिखता है– महाशिवरात्रि में लाउडस्पीकर बांधने को ले बवाल, पथराव।

***************